देहरादून के नवनियुक्त डीएम पदभार ग्रहण करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डा. आर. राजकुमार ने दून के डीएम का पदभार ग्रहण किया

**संवाददाता** देहरादून। नवागत जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना उपरान्त पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सतत् क्रियान्वयन कर मुख्यमंत्री के कौशल विकास योजना से अधिकतम लोगों को स्वरोजगार दिये जाने की उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सृदृढ करने के साथ ही मानसून के दौरान आईआरएस सिस्टम को अलर्ट रख कार्यवाही की जायेगी।

### सीएम ने मुस्लिम नागरिकों को ईद–उल–जुहा (बकरीद) की बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों विशेष तौर पर राज्य के मुस्लिम नागरिकों को ईद–उल–जुहा (बकरीद) की बधाई दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। मुख्यमंत्री ने कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए त्यौहार को मनाने की भी अपील की है।

### पारले एग्रो स्मूद के साथ भारतीय डेयरी का स्वरूप बदलने के लिए तैयार

**संवाददाता** देहरादून। भारत की मल्टी–कैटेगरी, मल्टी–ब्रांड बेवरेज कंपनी पारले एग्रो ने डेयरी कैटेगरी में प्रवेश करने की घोषणा की है। पारले एग्रो का तीन दशक से अधिक समय से आइकॉनिक भारतीय बेवरेजेज के साथ देश में फल–आधारित ड्रिंक कैटेगरी पर दबदबा रहा है। इस कदम के पीछे आधुनिक एवं अभिनव तकनीकों में बरसों के समर्पित गहन शोध एवं व्यापक निवेश का समर्थन रहा है। ताकि मजबूत डेयरी इंफ्रास्ट्रकचर के निर्माण किया जा सके।

### ट्रिस्टार इंटरमीडिएट का अधिग्रहण करेगी रोसारी बायोटेक लिमिटेड

**संवाददाता** देहरादून। रोसारी बायोटेक लिमिटेड (रोसारी, कंपनी), केमिकल मैन्यूफैक्चर की विशेषज्ञ के तौर पर जानी जाती है। कंपनी कई इंडस्ट्रीज के कस्टमर्स को बेहतर और स्थिर सॉल्यूशन उपलब्ध करवाती है। कंपनी ने आज घोषणा की कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने ट्रिस्टार इंटरमीडिएट प्रा.लि. के अधिग्रहण की अनुमति दे दी है। इस समझौते और कस्टमरी क्लोजिंग की शर्तों के मुताबिक, ट्रिस्टार इंटरमीडिएट की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी का अधिग्रहण करेगी रोसारी।

# जिलाधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश

**समीक्षा**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में अतिवृष्टि और आपदा प्रबंधन की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा प्रदेश में अतिवृष्टि और आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये। किसी भी घटना की स्थिति में जल्द से जल्द राहत व बचाव कार्य संचालित हो। रेस्पोंस टाईम को कम से कम किया जाए। कहीं कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता को महसूस होना चाहिए कि शासन प्रशासन को उनकी चिंता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशान न होना पडे। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि तहसील स्तर की समस्याओं का समाधान तहसील स्तर पर और जिला स्तर की समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो जाए। किसी भी स्तर पर कोई पेनडेंसी न रहे। जीरो पेंडेंसी कार्यप्रणाली का मूलमंत्र हो। फाइलों के निस्तारण की प्रक्रिया में सुधार लाया जाए। जनहित के कामों में शिथिलता न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन में सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों में पूरा समन्वय हो। किसी तरह का कम्यूनिकेशन गैप न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन में मॉक ड्रिल का बहुत महत्व है। समय समय पर मॉक ड्रिल अवश्य की जाए। आपदा कंट्रोल रूम निरंतर एक्टिव रहे। अवरूद्ध मार्गों, क्षतिग्रस्त

### रेस्पोंस टाईम को कम से कम किया जाए: मुख्यमंत्री

बिजली और पेयजल लाईनों को जल्द से जल्द बहाल करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि आपदा प्रभावितो को मुआवजे की राशि तुरंत मिले और उन्हें सुरक्षित आवास, भोजन, पेयजल, दवाईयों की उपलब्धता हो। संचार की सुचारू व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने पूर्व में आई आपदाओं में किये गये राहत व बचाव कार्यों की भी जानकारी लेते हुए कहा कि इनकी भी लगातार मानिटरिंग की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों का सुरक्षित स्थानों पर विस्थापन किया जाना है, उनमें प्रक्रियाओं में किसी तरह का विलम्ब न हो। रैणी में आपदा की जद में आए परिवारों का विस्थापन कराया जाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यक संख्या में जिओलाजिस्ट की नियुक्ति कर ली जाए। आपदा राहत कार्यों के लिए तैनात हेलीकाप्टरो का उपयोग करें ताकि आम लोगों तक राहत जल्द से जल्द पहुंच सके। इनका उपयोग मेडिकल इमरजेन्सी व अन्य आपदा संबंधित कामों में किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी टिहरी से हाल ही में देवप्रयाग क्षेत्र में सक्रिय हुए बाघ के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव नितेश झा, सचिव दिलीप जावलकर, एसए मुरूगेशन, सहित शासन, आर्मी, एनडीआरएफ, बीआरओ, आईटीबीपी, आईएमडी के वरिष्ठ अधिकारी और जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को आराकोट जाकर वहां के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। प्रदेश में स्वीकृत डाप्लर राडार की स्थापना में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को हाल ही में स्वीकृत राहत राशि का वितरण तत्काल करवाने के निर्देश दिये।

# ग्राम्य विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**बैठक**

■ ग्राम्य विकास मंत्री यतीश्वरानन्द ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री यतीश्वरानन्द ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। ग्राम्य विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिये और बहुद्देशीय शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ आम जन को लाभान्वित किया जायेगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लगभग 33 हजार समूहों को विधानसभावार लाभान्वित करने के लिए कैम्प का आयोजन किया जायेगा और मा0 मुख्यमंत्री को भी सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढवाली सभागार से इस कार्यक्रम में जोडने की योजना है।



इस योजना के अन्तर्गत गरीबों, महिलाओं, वृद्धों, विकलांग और विधवा को सहायता दी जायेगी। इस योजना का उद्देश्य 13 जनपदों में 95 ब्लाक के अन्तर्गत गरीब परिवारों की क्षमता और कौशल विकास द्वारा सत्त आजीविका संवर्द्धन करके आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है।

बैठक में रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती अभियान तेजी करने का निर्देश दिया। गम्भीर बीमारी को छोड कर कार्मिकों की सम्बद्धता समाप्त करके मूल तैनाती पर भेजा जायेगा। आवश्यकतानुसार आउट सोर्सिंग से पदों को भरने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में 950 स्वीकृत ग्राम्य विकास अधिकारी पद के सापेक्ष 416 पद रिक्त है। बीडीओ पद पर एबीडीओ को प्रभार देते समय वरिष्ठता के स्थान पर श्रेष्ठता को आधार बनाया जायेगा।

इस अवसर पर ग्राम विकास आयुक्त वन्दना सिंह, संयुक्त निदेशक विवेक उपाध्याय, अधिशासी निदेशक मनरेगा असलम और दिवाकर पुरोहित मौजूद थे।

### तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश सरकार इस समय कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए इससे रोकथाम की तैयारियों में जुटी है। इस समय सरकार के सामने चुनौती विशेषज्ञ चिकित्सकों को लेकर है। इनकी सीमित संख्या को देखते हुए सरकार का फोकस इस समय निजी बाल रोग चिकित्सकों की सेवाएं लेने पर है, ताकि संक्रमण फैलने पर समय से इसका इलाज किया जा सके। प्रदेश में इस समय कोरोना संक्रमण के मामलों में काफी कमी देखने को मिल रही है। कोरोना संक्रमण के केवल 604 सक्रिय मामले हैं। इस समय पूरे देश में विशेषज्ञ तीसरी लहर की आशंका जता रहे हैं। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि तीसरी लहर में सबसे अधिक 18 वर्ष आयु वर्ग तक के युवा व बच्चे प्रभावित हो सकते हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+









Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।